# समाहरणालय, दरभंगा

(कल्याण प्रशाखा)

**<u>नामांकन–सूचना</u>**

## प्राक्–परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र,

## <u>अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग</u>

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के इंटर/स्नातक उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिए SSC/BPSC सेवाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन–पत्र का आमंत्रण।**

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्राक्–परीक्षा केन्द्र, ललित नारायण मिथिला वि  वविद्यालय, (प्रेस परिसर) दरभंगा में संचालित है। वर्तमान वित्तीय वर्श 2026–27 के प्रथम कोर्स **एस0एस0सी0 एवं बी0पी0एस0सी0** में 60–60 सीट कुल–120 सीट हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। उपलब्धता के आधार पर महिलाएँ एवं दिव्यागों को क्रमशः 35% एवं 3% की वरीयता दी जायेगी।

छात्र/छात्राओं का चयन संबंधित विशय के बहुवैकल्पिय लिखित परीक्षा के माध्यम से मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास की व्यवस्था नहीं है।

**<u>छात्र/छात्रा की पात्रता</u>:**– 1. आवेदन बिहार राज्य का मूल निवासी हो। 2. अनुसूचित जाति/जनजाति का सदस्य हो। 3. एक विद्यार्थी अधिकतम दो बार प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में अध्ययन कर सकते है बशर्ते दोनों कोर्स अलग–अलग हो अर्थात एक पाठ्यक्रम में एक ही बार अध्ययन कर सकेंगे। 4. अभिभावक की वार्शिक आय अद्यतन 2.50 लाख (दो लाख पचास हजार) रूपये से कम हो। 5. छात्र/छात्रा इंटर **(एस0एस0सी0 कोर्स हेतु)** एवं स्नातक **(बी0पी0एस0सी0 कोर्स हेतु)** उत्तीर्ण हो।

**<u>प्रशिक्षण की अवधि</u>:**–छः माह

**<u>छात्रवृत्ति</u>:**–छात्रवृत्ति की राशि विभाग द्वारा आवंटन प्राप्त होने पर प्रदान की जायेगी, परंतु छात्र/छात्राओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी उपस्थिति वर्ग में **75%** से कम न हो।

**छात्रवृति की राशि**:–दरभंगा जिला के स्थाई निवासी छात्र/छात्राओं को रू 1500/–एवं जिला के बाहरी छात्र/छात्राओं को रू 3000/–मासिक छात्रवृति 75% उपस्थिति के आधार पर देय है।

**<u>आवेदन कैसे करें</u>**:–आवेदन पत्र को निम्नांकित विहित प्रपत्र में सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र यथा मैट्रीक का प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि अंकित हो। आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र एवं "आय प्रमाण पत्र एक साल के अन्दर का होना चाहिए" इत्यादि प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ स्वपता लिखित लिफाफा 40 (चालीस) रूपये का डाक टिकट एवं चार फोटो (पासपोर्ट साईज संलग्न कर निदे  क, प्राक्–परीक्षा केन्द्र, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (प्रेस परिसर), दरभंगा को स्वयं उपस्थित होकर या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है।

स्थानीय छात्र/छात्राएँ प्राक्–परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में **सुबह 11 बजे से 4 बजे** तक आवेदन फार्म जमा कर सकते है।

**<u>आवेदन की अंतिम तिथि</u>:**–प्राक्–परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, (प्रेस परिसर) दरभंगा में आवेदन–पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि–24.12.2025 तक है।

| | |
|---|---|
| परीक्षा की संभावित तिथि | :–जनवरी 2026 के द्वितीय सप्ताह। |
| वर्ग प्रारंभ होने की तिथि | :– 01.02.2026 से |
| प्रशिक्षण–व–परीक्षा शुल्क | :–निःशुल्क। |

PR- 018306 (Welfare) 2025-26

जिला कल्याण पदाधिकारी, दरभंगा

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार का प्यार।**

## SSC एवं BPSC में आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज:

- 10th का अंकपत्र।
- 12th का अंकपत्र।
- **Graduation** का अंकपत्र।
- जाति प्रमाणपत्र।
- आवासीय प्रमाणपत्र।
- आय प्रमाणपत्र (आय 1 साल के अन्दर का होना चाहिए)
- आधार कार्ड।
- बैंक पासबुक।
- 04 फोटो।
- सभी दस्तावेज पर स्व अभिप्रमाणित करें।

नोट:- **SSC** कोर्स में आवेदन करने हेतु योग्यता इंटर पास।

BPSC- कोर्स में आवेदन करने हेतु योग्यता स्नातक पास।

आवेदन प्रारंभ तिथि–28.11.2025

आवेदन अंतिम तिथि–24.12.2025

Prak Pariksha Prashikshan Kendra